दिनांकः 16.12.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर—अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- राज्य में एसआईआर के तहत आज मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बीकानेर के लूणकरणसर में 700 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।
- लोकसभा में विकसित भारत—रोज़गार और आजीविका मिशन ग्रामीण विधेयक 2025 पेश—इसमें श्रमिकों के लिए सालभर में 125 दिन के रोज़गार का प्रावधान।
- पारंपरिक चिकित्सा पर डब्ल्यूएचओ का दूसरा ग्लोबल समिट कल से नई दिल्ली में शुरू होगा।

000

राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम एसआईआर के तहत आज मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित किया गया। ड्राफ्ट रोल में कुल 5 करोड़ 46 लाख मतदाताओं में से करीब 41 लाख 85 हज़ार नाम अलग किये गए हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने आकाशवाणी को बताया कि मुख्य चार कारणों से मतदाताओं के नाम अलग किये गए हैं, जिनमें डुप्लीकेट एंट्री, घर पर नहीं पाए जाने जैसे कारण प्रमुख हैं। उन्होंने बताया कि जिनके नाम अलग किये गए हैं, उन्हें सीईओ और जिला निर्वाचन अधिकारियों की वेबसाइट पर डाला गया है। अब भी मतदाता अपनी आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं।

--------------

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज बीकानेर ज़िले के लूणकरणसर में 107 करोड़ रुपये लागत की 21 परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इसके साथ ही, उन्होंने करीब छह सौ करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने बिना किसी भेदभाव के सभी दो सौ विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में उनका मुख्य लक्ष्य प्रदेशवासियों का जीवन सरल, सुगम बनाना और उनके जीवन में खुशहाली लाना रहा है।
श्री शर्मा ने ज़ोर देकर कहा कि बीते दो सालों में सुशासन और गरीब कल्याण के लिए ऐतिहासिक काम हुए हैं। मुख्यमंत्री शर्मा ने आगे कहा कि सुशासन, जन कल्याण और एक विकसित और समृद्ध राजस्थान उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने घोषणा पत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार ने जनता को वार्षिक रिपोर्ट कार्ड पेश करने का जो वादा किया था, वह उसे जनता के सेवक के रूप में पूरी ईमानदारी से निभा रही है।

--------------

000

राज्य सरकार की वर्षगांठ के उपलक्ष में आज विभिन्न ज़िलों में कार्यक्रमों और प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया। भीलवाड़ा में इसी के तहत, ज़िला प्रशासन और सूचना विभाग की ओर से नगर निगम टाउनहॉल में तीन दिवसीय ज़िला स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारम्भ हुआ। विधायक अशोक कोठारी, ज़िला कलक्टर जसमीत सिंह संधू सहित अन्य अतिथियों ने उद्‌घाटन किया। डीग ज़िले में भी प्रदर्शनी आयोजित की गई, जहाँ ज़िला विकास पुस्तिका का विमोचन हुआ। बारां में आयोजित प्रदर्शनी का उद्‌घाटन करते हुए विधायक ललित मीणा ने अपने विधानसभा क्षेत्र की उपलब्धियाँ गिनाईं। उन्होंने सौर ऊर्जा, सिंचाई और पेयजल के क्षेत्र में हुए कार्यों, विशेषकर आठ सौ करोड़ रुपये के एनीकट निर्माण को प्रमुख बताया।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन की यात्रा पर आज इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा पहुँचे। यह वर्ष 2011 के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली इथियोपिया यात्रा है। श्री मोदी अपने समकक्ष डॉक्टर अबी अहमद अली के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर व्यापक चर्चा करेंगे और इथियोपियाई संसद को भी संबोधित करेंगे।

इससे पहले आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय ने अम्मान में आयोजित भारत–जॉर्डन व्यापार मंच को संयुक्त रूप से संबोधित किया। शाह अब्दुल्ला ने व्यापार मंच को महत्वपूर्ण क्षेत्रों में साझेदारी और संयुक्त निवेश पर चर्चा करने का अवसर बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों के संबंध अलग प्रकृति के हैं, जहां ऐतिहासिक विश्वास और भविष्य के आर्थिक अवसर एक साथ मिलते हैं। श्री मोदी ने कहा कि भारत जॉर्डन का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है।

--------------

000

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज लोकसभा में विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण विधेयक 2025 पेश किया। यह विधेयक बीस साल पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 का स्थान लेगा। इस विधेयक का मकसद विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अनुरूप गांव का समग्र विकास करना है। नए विधेयक का उद्देश्य श्रमिकों को अधिक कार्य दिवसों की गारंटी, बेहतर मजदूरी और सुरक्षा प्रदान करना है। मनरेगा के तहत फिलहाल एक वित्त वर्ष में 100 दिन के काम की गारंटी दी जाती है। वहीं, नए विधेयक में हर साल 125 दिन का रोजगार मिलेगा। विधेयक पेश करते हुए कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीबों के उत्थान के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं लागू की जा रही हैं। कांग्रेस, डीएमके और टीएमसी सहित विपक्षी दलों के कई सदस्यों ने विधेयक का विरोध किया।

000

पारंपरिक चिकित्सा पर विश्व स्वास्थ्य संगठन–डब्ल्यूएचओ का दूसरा ग्लोबल समिट कल से नई दिल्ली में शुरू होगा। तीन दिवसीय इस समिट का आयोजन डब्ल्यूएचओ और आयुष मंत्रालय मिलकर कर रहे हैं। इस वर्ष का थीम है: 'संतुलन बहाल करना: स्वास्थ्य और कल्याण का विज्ञान और अभ्यास'। आयुष मंत्रालय इस समिट के मुख्य आकर्षण के तौर पर एक आयुष एक्सपो का आयोजन करेगा। इस एक्सपो में भारत की आयुष प्रणालियाँकृ आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध, सोवा–रिग्पा और होम्योपैथी को प्रदर्शित किया जाएगा।

एक्सपो में औषधीय पौधों और मसालों पर एक विशेष पवेलियन होगा, जिसमें लगभग चालीस दुर्लभ औषधीय पौधे और बीज प्रदर्शित किए जाएँगे। एक्सपो में एक डब्ल्यूएचओ ज़ोन भी होगा, जो विभिन्न देशों की पारंपरिक उपचार प्रणालियों को दिखाएगा। इस दौरान डब्ल्यूएचओ द्वारा एक ग्लोबल पारंपरिक चिकित्सा लाइब्रेरी भी लॉन्च की जाएगी। इसका उद्देश्य पारंपरिक चिकित्सा ज्ञान को एक मंच पर लाना है।

000

अजमेर के राजकीय जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय में उपचार के लिए आने वाले मरीज़ों को आज से बड़ी राहत मिली है। अस्पताल प्रशासन ने इमरजेंसी के पास ही सर्जरी और मेडिसिन यूनिट की ओपीडी सेवाएं शुरू कर दी हैं। अस्पताल अधीक्षक डॉ. अरविंद खरे ने बताया कि मरीज़ों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अब ओपीडी सेवाएं सुबह नौ बजे से रात नौ बजे तक संचालित रहेंगी।

--------------

000

राष्ट्र आज विजय दिवस मना रहा है। यह दिवस 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की विजय की स्मृति में मनाया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उन वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिनके साहस और बलिदान ने 1971 में ऐतिहासिक विजय सुनिश्चित की।

राज्य में भी विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई। भरतपुर के किला स्थित शहीद स्मारक पर अपने प्राण न्यौछावर करने वाले सैनिकों को श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। चित्तौड़गढ़ के सैनिक स्कूल में भी विजय दिवस की वर्षगांठ मनाई गई। बाड़मेर में शहीद चौराहे पर हुए विशेष कार्यक्रम में गौरव सेनानियों, वीरांगनाओं और शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया गया।

000

राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत आज जयपुर में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। पशुपालन विभाग के निदेशक, डॉ. सुरेशचंद मीना ने इस मिशन को पशुपालकों की आय बढ़ाने का एक प्रभावी माध्यम बताया। कार्यशाला का उद्देश्य मिशन से जुड़ी सही जानकारी अधिक से अधिक पशुपालकों तक पहुंचाना है। उद्घाटन सत्र में केंद्रीय भेड़ और ऊन अनुसंधान संस्थान अविका नगर टोंक के निदेशक, डॉक्टर अरुण तोमर ने कहा कि पशुधन उत्पादन बढ़ाने के लिए अच्छी नस्ल और सही रखरखाव आवश्यक है। उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारियों को चिकित्सा के साथ–साथ पशुधन के संपूर्ण विकास पर भी ध्यान केंद्रित करने को कहा। दो दिन की इस कार्यशाला में प्रदेश के सभी जिलों से डेढ़ सौ प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया।

000

चित्तौड़गढ़ ज़िले के भादसोड़ा थाना क्षेत्र में आज एक भीषण सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई।उदयपुर–चित्तौड़गढ़ सिक्सलेन पर तेज़ गति से आ रही एक कार सीमेंट के डिवाइडर से टकरा गई। कार की गति इतनी अधिक थी कि टक्कर के बाद वो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसका इंजन उछलकर सड़क से दूर जा गिरा। दुर्घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल है, जिसे ज़िला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 दिसम्बर को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 129वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 26 दिसम्बर तक स्वीकार किए जाएंगे।

000